158/21-01-2022


**दिनांक–19.01.2022 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अंतर्गत निर्मित होने वाले मानचित्रों में टेम्पलेट एवं पूर्व से निर्मित Symbol के अतिरिक्त Symbol के निर्धारण के सम्बन्ध में हुई बैठक की कार्यवाही।**


उपस्थिति यथा संधारित।

दिनांक–19.01.2022 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अंतर्गत निर्मित होनेवाले मानचित्रों में प्रदर्शित किए जाने वाले टेम्पलेट एवं पूर्व से निर्मित Symbol अतिरिक्त 18 Symbol निर्धारण के सम्बन्ध में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा तैयार किए गए प्रस्तावों पर विर्मर्शोपरांत निर्णय लेने हेतु उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना में पदस्थापित ट्रावर्स एवं मानचित्र निर्माण के जानकार तथा विशेष सर्वेक्षण शाखा में पदस्थापित विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई एवं विर्मर्शोपरांत निम्नांकित निर्णय लिए गएः–

(i) बैठक में सर्वप्रथम निदेशालय स्तर पर टेम्पलेट एवं Symbol सम्बन्ध में विगत कैडेस्ट्रल एवं रिविजनल सर्वे के मानचित्रों में प्रदर्शित किए गए टेम्पलेट के साथ तुलना कर प्रस्तावित नए टेम्पलेट एवं Symbol का प्रस्ताव उपस्थापित किया गया जो निम्नवत पाया गयाः–

(क) निदेशालय स्तर पर निर्धारित किए गए कुल 177 Symbol में तैयार किए गए 159 Symbol अतिरिक्त 18 Symbol सम्बन्ध में प्रस्तावः–

| S.NO | Feature Name | SYMBOL |
|---|---|---|
| 1 | *PAKKA MAKAN* |  |
| 2 | *KACHHA MAKAN* |  |
| 3 | *JHOPDI* |  |
| 4 | *NADI* |  |
| 5 | *PAEIN* |  |
| 6 | *EENT BHATTA* |  |
| 7 | *KHEL MAIDAN* |  |
| 8 | *THEATERE* |  |
| 9 | *GAUSHALA* |  |
| 10 | *WATER PIPELINE* |  |
| 11 | *MURGI PALAN* |  |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | *FISH HATCHERIES* |  |
| 13 | *BAANS BARI* |  |
| 14 | *DAIRY* |  |
| 15 | *LIFT SINCHAI* |  |
| 16 | *STADIUM* |  |
| 17 | *HATT/BAZAR* |  |

कुल 18 नये Symbol में गैस पाईप लाईन की संरचना भूमिगत होने के कारण उसके Symbol देने की आवश्यकता नहीं है।

(ख) कैडेस्ट्रल एवं रिविजनल सर्वे के मानचित्रों में प्रदर्शित टेम्पलेट के साथ तुलनात्मक स्थिति के साथ वर्त्तमान में विशेष सर्वेक्षण में निर्धारित किए जाने वाले टेम्पलेट के सम्बन्ध में प्रस्तावः–

| **क्र0 सं0** | **कैडेस्ट्रल सर्वे मानचित्र में क्रमवार संधारित Template की सूची** | **रिविजनल सर्वे मानचित्र में क्रमवार संधारित Template की सूची** | **विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के लिए प्रस्ताव** | **अभ्युक्ति** |
|---|---|---|---|---|
| 01. | थाना का सिलेसिलेवार नम्बर | अंग्रेजी में राजस्व ग्राम का नाम एवं थाना संख्या | अंग्रेजी में राजस्व ग्राम का नाम एवं थाना संख्या | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के उत्तर एवं बायें तरफ या उत्तर एवं दायें तरफ |
| 02. | बौउण्ड्री कमिशनर नम्बर | चादर नं0 | चादर नं0 | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के उत्तर एवं बायें तरफ या उत्तर एवं दायें तरफ |
| 03. | कलक्टरी रजिस्टर नम्बर | मौजा का नाम (हिन्दी में) | मौजा का नाम (हिन्दी में) | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के उत्तर एवं बायें तरफ या उत्तर एवं दायें तरफ |
| 04. | मशहुर नाम | राजस्व थाना | | |
| 05. | रेवन्यु सर्वे नाम | अंचल | अंचल | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के उत्तर एवं बायें तरफ या उत्तर एवं दायें तरफ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 06. | थाना, तप्पा | पुलिस थाना | पुलिस थाना | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के उत्तर एवं बायें तरफ या उत्तर एवं दायें तरफ |
| 07. | परगना | जिला | जिला का नाम | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के उत्तर एवं बायें तरफ या उत्तर एवं दायें तरफ |
| 08. | जिला | पैमाना | वर्ष | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के उत्तर एवं बायें तरफ या उत्तर एवं दायें तरफ |
| 09. | पैमाना | सन् | पैमाना (Scale) | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के दक्षिण एवं बायें तरफ |
| 10. | वर्ष | सरकारी अधिकार द्वारा कृत एवं प्रकाशित ह0–परिमाप अधीक्षक | परिवर्तित पैमाना | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के दक्षिण एवं बीच में |
| 11. | सरकार के प्राधिकार से निर्मित एवं प्रकाशित बन्दोबस्त पदाधिकारी के हस्ताक्षर | | मिलान चादर शीट संख्या | परिवर्तित पैमाना के दक्षिण एवं दायें तरफ में |
| 12. | | | त्रि–सिमाना का कोर्डिनेट | राजस्व ग्राम का सभी त्रि–सिमाना का कोर्डिनेट, D.G.P.S ऑब्जरर्वेशन पश्चात् का अंकित होना चाहिए। |
| 13. | | | T.C.P का कोर्डिनेट | मानचित्र में दो T.C.P का कोर्डिनेट, D.G.P.S ऑब्जरर्वेशन पश्चात् का अंकित होना चाहिए। |
| 14. | | | ग्रीड का कोर्डिनेट | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के सभी ग्रीड का कोर्डिनेट |
| 15 | | | सरकार के प्राधिकार से निर्मित एवं प्रकाशित बन्दोबस्त पदाधिकारी के हस्ताक्षर | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के दक्षिण एवं पूरब तरफ (नीचे) |

बैठक में बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना द्वारा पूर्व के मानचित्रों, कैडेस्ट्रल / रिविजनल सर्वे के लिए तैयार की गई तकनीकी मार्गदर्शिका एवं अन्य संदर्भित साक्ष्यों के साथ निदेशालय स्तर पर इनके संदर्भ में तैयार किए गए प्रस्ताव पर विमर्शोपरांत निर्णय लिया गया कि उपस्थापित प्रस्ताव में टेम्पलेट के सम्बन्ध में तैयार किए गए **प्रस्ताव की क्रम संख्या– 6 पर अंकित पुलिस थाना को छोड़कर** शेष टेम्पलेट को मानचित्र में संधारित किया जाए। पुलिस थाना के सम्बन्ध में बताया गया कि वर्त्तमान में सरकार द्वारा स्थापित पुलिस थाना के कार्यक्षत्र के निर्धारण का आधार राजस्व ग्राम नहीं हैं और अनेक राजस्व ग्राम ऐसे भी हो सकते हैं, जो दो या अधिक पुलिस थाना के कार्यक्षेत्र अंतर्गत हों; ऐसी स्थिति में पुलिस थाना को अंकित किए जाने से विरोधाभास हो सकता है।

बैठक में टैम्पलेट के संबंध में उपस्थापित प्रस्ताव में पुलिस थाना को छोड़कर शेष टेम्पलेट एवं निर्धारित किए गए Symbol निर्धारण पर सहमति व्यक्त की गई और निर्णय लिया गया कि निर्धारित किए गए टेम्पलेट एवं Symbol की सूची को सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसियाँ को अग्रेतर कार्रवाई हेतु यथाशीघ्र उपलब्ध करा दिया जाए।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक: 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019**......158......**पटना, दिनांक:** 21-01-2022

**प्रतिलिपि-** उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, पटना एवं बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक: 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019**......158......**पटना, दिनांक:** 21-01-2022

**प्रतिलिपि-** हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IEISL (IL&FS), GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक: 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019**......158......**पटना, दिनांक:** 21-01-2022

**प्रतिलिपि-** बन्दोबस्त पदाधिकारियों बेगूसराय / खगड़िया / लखीसराय / जहानाबाद / किशनगंज / अररिया / कटिहार / पूर्णियाँ / सीतामढ़ी / सुपौल / सहरसा / मधेपुरा / प0चम्पारण / जमुई / मुंगेर / नालंदा / शिवहर / बांका / अरवल / शेखपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: 17–विशेष सर्वेक्षण–240/2019.............158.............पटना, दिनांक: 28-01-2022

**प्रतिलिपि-** सहायक निदेशक/प्रशाखा पदाधिकारी/आई टी0 सेल/GIS Lab, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: 17–विशेष सर्वेक्षण–240/2019.............158.............पटना, दिनांक: 21-01-2022

**प्रतिलिपि:**– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: 17–विशेष सर्वेक्षण–240/2019.............158.............पटना, दिनांक: 21-01-2022

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप